मंदिर में जली है माँ की ज्योति

जय माँ जय माँ लगाओ जय कारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा.....

मंदिर में मैया का दीपक जलाया,
हां फूलों से दरबार सजाया रोशन हुआ जग सारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा....

मंदिर में माँ के शीश झुकाए,
मन की मुरादे माँ से पाए खोला है माँ ने भंडारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा...

मंदिर में माँ के दर्शन पा लो,
झूमो नाचो खुशियां मनालो समय मिले ना दोबारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा...

भक्तों पर है माँ बलिहारी,
माँ की महिमा बड़ी निराली जाग है संसार सारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा....

मैया सब पर कृपा बनाये,
रोती हुई तकदीर बनाये चमका है किस्मत का तारा,
मंदिर में जली है माँ की ज्योति लगाओ माँ का जयकारा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26728/title/mandir-me-jali-hai-maa-ki-jyoti

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |